फर्जी ट्रेडिंग व आईपीओ में मुनाफे का लालच देकर 61.77 लाख रु. ठगने वाला गिरफ्तार

व्हाट्सऐप-टेलीग्राम ग्रुप से जाल में फंसाया, शुरुआत में छोटी रकम निकलवाकर जीता भरोसा

जयपुर (कासं)। ऑनलाइन ट्रेडिंग, शेयर बाजार और आईपीओ में भारी मुनाफे का लालच देकर 61.77 लाख रुपए की साइबर ठगी के मामले में राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि ठगी की रकम में से पांच लाख रुपए आरोपी के बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे। यह राशि एटीएम और आईएमपीएस के माध्यम से निकाली गई थी।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम विजय कुमार सिंह ने बताया कि परिवादी ने 23 जनवरी 2025 को स्टेट साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। परिवादी गूगल पर शेयर बाजार और

आईपीओ में निवेश के विकल्प तलाश रहा था। इसी दौरान वह 'विकासा कैपिटल' नामक ऑनलाइन निवेश पोर्टल के संपर्क में आया। यहां भारतीय और अमेरिकी शेयर बाजार के साथ आईपीओ में निवेश पर आकर्षक और सुनिश्चित मुनाफे का लालच दिया गया। आरोपियों ने व्हाट्सऐप और टेलीग्राम के जरिए लिंक भेजकर परिवादी से फर्जी निवेश एप्लीकेशन डाउनलोड करवाई। शुरुआत में छोटी रकम निवेश करवाई गई और पोर्टल पर बढ़ता मुनाफा दिखाया गया। भरोसा जीतने के लिए एक बार छोटी रकम की निकासी भी करवाई गई। इसके बाद 'सत्कार शॉपिंग' का आईपीओ दिलाने और अधिक लाभ का लालच देकर पीजी एंटरप्राइज, एसके एंटरप्राइजेज, टेरापल्स प्राइवेट लिमिटेड, राधा माधव वैरायटीज, पार्थ ट्रेडर्स और प्रिशा एंटरप्राइज सहित विभिन्न फर्मों के बैंक खातों में बड़ी रकम जमा करवाई गई।

जब परिवादी ने निवेश की राशि और कथित मुनाफा निकालने का प्रयास किया तो पोर्टल पर विदेशी निवेशक संस्था द्वारा खाता फ्रीज किए जाने का संदेश दिखाकर निकासी रोक दी गई। इसके बाद आरोपी संपर्क से बचने लगे। इस तरह कुल 61.77 लाख रुपए की ठगी की गई।

पुलिस को तकनीकी और वित्तीय साक्ष्यों के विश्लेषण के दौरान पुलिस को पता चला कि ठगी की रकम में से 16 जनवरी 2025 को पांच लाख रुपए सुजीत दिनकर पाटील के नाम से संचालित उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक खाते में आए थे। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार 16 और 17 जनवरी को यह रकम एटीएम और आईएमपीएस के जरिए निकाली गई।

पुलिस के मुताबिक आरोपी दिल्ली के एक अन्य मामले में गिरफ्तार होकर जेल में बंद था। संबंधित न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर उसे पूछताछ और अनुसंधान के लिए जयपुर लाया गया। बैंक खाते का इस्तेमाल ठगी की रकम प्राप्त करने और निकालने में होने के आधार पर उसे इस मामले में सुजीत दिनकर पाटील को गिरफ्तार किया गया।

- **पुलिस जांच में सामने आया कि ठगी की रकम में से पांच लाख रुपए आरोपी के बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे। यह राशि एटीएम और आईएमपीएस के माध्यम से निकाली गई थी।**

74 वर्षीय बुजुर्ग को 10 दिन डिजिटल अरेस्ट रखकर 1.74 करोड़ रुपए ठगे

बदमाशों ने खुद को ईडी अधिकारी बताकर बुजुर्ग को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर जाल में फंसाया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। वैशाली नगर थाना इलाके में साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। शातिर ठगों ने 74 वर्षीय जितेंद्र नाथ भार्गव को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 10 दिन तक गिरफ्तारी और संपत्ति जब्त करने का डर दिखाकर 1 करोड़ 74 लाख रुपए ठग लिए। आरोपियों ने खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताकर बुजुर्ग को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर वैशाली नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वैशाली नगर थानाधिकारी अरविंद सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपियों ने बुजुर्ग को कथित तौर पर कहा कि उनके बैंक खाते में गलत लेन-देन हुआ है और उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज है। इसके बाद उन्हें अलग-अलग लोगों से वीडियो कॉल के जरिए जुड़वाया गया। एक व्यक्ति की मोबाइल स्क्रीन पर सुप्रीम कोर्ट दिखाई दे रहा था, जबकि दूसरे व्यक्ति को दिल्ली का डीजीपी बताकर बात करवाई गई। आरोपियों ने अलग-अलग पदों और संस्थाओं का नाम लेकर पीड़ित पर दबाव बनाया और कानूनी कार्रवाई का भय दिखाया।

आरोपियों ने बुजुर्ग को लगातार निगरानी में रखने का डर दिखाया और किसी से बात नहीं करने दी। गिरफ्तारी तथा संपत्ति जब्त करने की धमकी देकर अलग-अलग लेन-देन के माध्यम से उनसे कुल 1 करोड़ 74 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पीड़ित अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। उनका बेटा सिंगापुर में रहता है, जबकि बेटी राजस्थान से बाहर रहती है। ठगी का अहसास होने पर जितेंद्र नाथ भार्गव ने अपने एक परिचित को पूरी घटना बताई। इसके बाद वे वैशाली नगर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर विशेषज्ञों की मदद से जांच शुरू कर दी है। पुलिस ठगी में इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबरों, वीडियो कॉल और जिन बैंक खातों में रकम ट्रांसफर की गई, उनकी जानकारी जुटा रही है। आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

- **वीडियो कॉल पर सुप्रीम कोर्ट और डीजीपी का नाम लेकर डराया**

लोहामंडी में कारखाने से बाल श्रमिक मुक्त कराया

जयपुर। हरमाड़ा थाना पुलिस और मानव तस्करी विरोधी इकाई ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए न्यू लोहा मंडी माचेडा स्थित एक कारखाने से बाल श्रमिक को मुक्त कराया है। पुलिस ने नाबालिग से खतरनाक काम करवाने के आरोप में कारखाना मालिक भीम राजभर (28) को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि बालश्रम के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरमाड़ा थानाधिकारी बाबूलाल और मानव तस्करी विरोधी इकाई के प्रभारी रामशरण के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने 13 अक्टूबर को न्यू लोहा मंडी, माचेडा स्थित डेलमोर्स वेंचर्स के प्लॉट नंबर 55ए पर दबिश दी।

पुलिस के अनुसार कारखाने में नाबालिग से स्टील के सामान से छत पर लगाए जाने वाले वेंटिलेटर पंखे बनाने का खतरनाक काम करवाया जा रहा था। बच्चे ने पूछताछ में बताया कि उससे सुबह से देर रात तक काम कराया जाता था और इसके बदले 13 हजार रुपए प्रतिमाह नकद दिए जाते थे। गलती होने पर उसे डांटने और प्रताड़ित करने की बात भी सामने आई। पुलिस के अनुसार, कारखाना मालिक बच्चे के स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान नहीं रख रहा था। पुलिस ने बाल श्रमिक को मुक्त कराकर प्रयास जेएसी सोसायटी के समन्वयक सईद खान के संरक्षण में सौंपा है, ताकि उसे बाल कल्याण समिति, गांधीनगर के समक्ष पेश किया जा सके। गिरफ्तार आरोपी भीम राजभर मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर जिले का निवासी है और जयपुर में डेलमोर्स वेंचर्स में ठेकेदार के रूप में काम कर रहा था।

- **पुलिस ने कारखाना संचालक को गिरफ्तार किया**

महिला पर्यटकों की तस्वीरें खींचने और फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार

जयपुर। हवामहल के सामने देशी-विदेशी महिला पर्यटकों और बालिकाओं की बिना अनुमति तस्वीरें खींचने तथा अशोभनीय टिप्पणियां करने के मामले में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने आरोपी फिरोज खान (40) को पकड़कर माणकचौक पुलिस के हवाले किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के मोबाइल में कई महिला पर्यटकों की तस्वीरें मिलीं, जिन्हें टीम ने डिलीट करवाया। पुलिस उपायुक्त अनुष्ठा कालिया ने बताया कि कालिका टीम की सदस्य लक्ष्मी, ज्योति, राकेश और कपिल माणकचौक थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान हवामहल के सामने एक व्यक्ति मोबाइल से आने-जाने वाली महिला पर्यटकों की तस्वीरें खींचता और उनके पास से गुजरने पर अशोभनीय टिप्पणियां करता दिखाई दिया। संदेह पर टीम ने उसके मोबाइल की जांच की। पुलिस के अनुसार, मोबाइल में कई महिला पर्यटकों की तस्वीरें मिलीं।

बेकाबू रोडवेज बस की टक्कर से महिला की मौत

जयपुर। मुरलीपुरा इलाके में सीकर रोड पर खेतान हॉस्पिटल के सामने बुधवार दोपहर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने दो कारों और एक स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौत हो गयी, जबकि स्कूटी सवार युवक का पैर फ्रैक्चर हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी बस के आगे के टायर के नीचे आ गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

मुरलीपुरा थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि दुर्घटना दोपहर करीब 2:45 बजे हुई। तेज रफ्तार बस ने पहले दो कारों को टक्कर मारी और फिर स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर से एक कार पीछे की तरफ से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दूसरी कार और स्कूटी को भी नुकसान पहुंचा। बाइक पर बैठी महिला तुलसी देवी (49) भी बस की चपेट में आ गयी, जिससे वह गंभीर घायल हो गयी और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं एक स्कूटी बस के आगे के टायर के नीचे आ गई, जिससे स्कूटी सवार व्यक्ति के पैर में गंभीर चोट आई और उसका पैर टूट गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बस चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर मुरलीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को थाने ले गई। पुलिस के अनुसार, बस चालक राकेश कुमार (30) निवासी श्रीमाधोपुर, से पूछताछ की जा रही है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

- **सीकर रोड पर खेतान हॉस्पिटल के पास हुआ हादसा**
- **तेज रफ्तार बस ने दो कारों और स्कूटी को टक्कर मारी, हादसे में एक युवक का पैर भी फ्रैक्चर हुआ**

सेंट्रल जेल में बंदियों के बीच मारपीट

जयपुर। लालकोठी थाना इलाके में स्थित जयपुर सेंट्रल जेल में बंदियों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। यहां पानी की बोतल भरने से मना करने पर दंडित बंदी सोनू उर्फ बंटी ने विचाराधीन बंदी कमलेश उर्फ गोलू के साथ कथित तौर पर मारपीट कर दी। घटना को लेकर पीड़ित की शिकायत पर 13 अक्टूबर को लालकोठी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

थाना प्रभारी श्याम सुंदर ने बताया कि कमलेश उर्फ गोलू पुत्र मुन्नालाल टोंक के कोतवाली थाना क्षेत्र का निवासी है और वर्तमान में जयपुर सेंट्रल जेल में बंद है। शिकायत के अनुसार, 8 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे कमलेश जेल में शौचालय के पास बैठा था। इसी दौरान सोनू उर्फ बंटी वहां आया और उससे पानी की बोतल भरकर देने के लिए कहा। कमलेश ने मना किया तो आरोपी ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट कर दी। घटना के संबंध में कमलेश की ओर से शिकायत दिए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सार-समाचार

'मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता से सशक्त समाज का निर्माण संभव'

जयपुर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र (भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में फोर्टिस अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, भावनात्मक कल्याण और सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ होम्योपैथ, आचार्य एवं चिकित्सक तथा ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अनुभवों को सुनने, उनकी भावनाओं का सम्मान करने और जरूरत के समय सहयोग देने से सशक्त समाज का निर्माण संभव है। सेमिनार में डॉ. नीरज मधुकर, निदेशक, समेकित क्षेत्रीय केंद्र; डॉ. नितिन गुप्ता, परामर्शदाता एवं आपातकालीन तथा आघात चिकित्सा विभागाध्यक्ष; डॉ. तुषार कांत, परामर्शदाता मनोचिकित्सक; डॉ. निमिषा खंडेलवाल, नैदानिक मनोवैज्ञानिक; डॉ. अनुराधा गोस्वामी, सहायक आचार्य तथा दुर्गा वर्मा, महासचिव ने विचार साझा किए। कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से पिछले एक माह से सरकारी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता सत्र, संवाद कार्यक्रम और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और सामाजिक भ्रांतियां दूर करना है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर बृजेश गुप्ता, कौशल सत्यार्थी, ओम प्रकाश पोद्दार, नितेश, भास्कर, अंजलि, दिव्या सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गरबा-डांडिया में 200 सदस्यों ने किया नृत्य

जयपुर। रोटरी क्लब जयपुर डिग्निटी, रोटरी क्लब जयपुर बापू नगर एवं अरुणाज गीत गाता चल की ओर से जयपुर स्थित महल पैलेस में गरबा-डांडिया उत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। शाम 6 से रात 10 बजे तक चले आयोजन में 200 से अधिक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में श्रेष्ठ पुरुष एवं महिला परिधान, श्रेष्ठ महिला नृत्यांगना, श्रेष्ठ पुरुष नर्तक, श्रेष्ठ बालिका और श्रेष्ठ बालक सहित विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए। निर्णायक मंडल में नृत्य गुरु मीरा सक्सेना, शास्त्रीय संगीत गुरु प्रो. कांता धवन और आभूषण डिजाइनर अनीता धींगरा शामिल रहीं। प्रतिभागियों ने विभिन्न व्यंजनों का भी आनंद लिया। आयोजन में रोटरी क्लब जयपुर डिग्निटी के अध्यक्ष संदीप धींगरा, सचिव संजय भान, उपाध्यक्ष अनुपमा बंसल, कार्यक्रम अध्यक्ष दिलीप तिवारी, समन्वयक हरीश खत्री व वीनू मित्तल, अरुणाज गीत गाता चल की संस्थापिका अरुणा जैन, समन्वयक अजय कल्ला तथा रोटरी क्लब जयपुर बापू नगर के अध्यक्ष सतीश गोयल और सचिव धर्मेन्द्र गोयल का सक्रिय योगदान रहा। सेलिब्रिटी उद्घोषक अंतिमा बाफना ने कार्यक्रम का संचालन किया।

सेंट्रल स्पाइन योजना में 4 संपत्तियां कुर्क

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बकाया राजस्व वसूली अभियान के तहत बुधवार को जोन-9 में बड़ी कार्रवाई कर सेंट्रल स्पाइन योजना के ग्रुप हाउसिंग प्लॉट संख्या एस-25 पर निर्मित व्यावसायिक संपत्तियों को कुर्क किया गया। अतिरिक्त आयुक्त राजस्व प्रतिभा पारीक ने बताया कि जोन उपायुक्त - 9 सूर्यकांत शर्मा द्वारा मैसर्स गंगा सागर रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड पर बकाया लीज राशि 21573788 तथा उस पर देय ब्याज जमा नहीं कराने के कारण संबंधित संपत्तियों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई। जोन उपायुक्त ने बताया कि बकाया राशि की वसूली के लिए सेंट्रल स्पाइन योजना के प्लॉट संख्या एस-25 पर निर्मित हाउसिंग सोसायटी के ब्लॉक संख्या बी की खाली फ्लैट संख्या 304 एवं 403 तथा ब्लॉक संख्या सी की खाली फ्लैट संख्या 905 एवं 804 सहित 4 खाली फ्लैटों को कुर्क किया गया। उन्होंने बताया कि बकाया राजस्व वसूली के मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। बकाया राशि जमा नहीं कराने वाले आवंटियों एवं संबंधित फर्मों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

पीएचसी-सीएचसी को मिली नई एम्बुलेंस

जयपुर। पीएचसी मांडाभीम सिंह एवं सीएचसी बधाल को नई एम्बुलेंस मिलने की खुशी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीसीएमचओ कैलाश कुमावत, 108 एम्बुलेंस सेवा के संभाग प्रभारी सुभाष शर्मा, जिला प्रभारी पीयूष बिलोनिया एवं सुनील मीणा सहित 108 एम्बुलेंस सेवा के समस्त कर्मचारी एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे। एम्बुलेंस सेवा के संभाग प्रभारी सुभाष शर्मा ने कहा कि नई एम्बुलेंस से क्षेत्र की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना और जीवन बचाना ही मुख्य उद्देश्य है।

फ्रेंच भाषा में विदेशी पर्यटकों से संवाद कर रहे हैं राजस्थान पुलिस के जवान

डीजीपी राजीव शर्मा के निर्देश पर 22 पुलिस कर्मचारियों का एक माह का प्रशिक्षण मिला

जयपुर (कासं)। राजस्थान आने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को सुरक्षित, सहज और मित्रवत माहौल उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान पुलिस अपने जवानों को विदेशी भाषाओं में दक्ष बना रही है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर पर्यटन सहायता बल (टीएएफ), जयपुर कमिश्नरेट और जोधपुर कमिश्नरेट के 22 चयनित पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को फ्रेंच भाषा का एक माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण पेशेवर फ्रेंच भाषा शिक्षकों की ओर से दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों को विदेशी पर्यटकों से सीधे संवाद करने और उनकी जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने में सक्षम बनाना है।

प्रशिक्षण के 15 दिन पूरे होने के बाद टीएएफ के एक जवान ने अल्बर्ट हॉल संग्रहालय के पास फ्रांसीसी पर्यटकों से फ्रेंच भाषा में बातचीत की। भाषा सीख रहे जवान ने अभ्यास के दौरान पर्यटकों से उनका परिचय, उम्र और यात्रा के अनुभवों के बारे में बात की। जवान के प्रयास से विदेशी पर्यटक प्रभावित और खुश नजर आए। राजस्थान पुलिस की ओर से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए एक समर्पित सोशल मीडिया मंच भी तैयार किया जा रहा है। इसके माध्यम से पर्यटकों को जरूरी जानकारी और सहायता देने के साथ पुलिस के सकारात्मक कार्यों को भी प्रदर्शित

राजस्थान पुलिस के जवान ने अल्बर्ट हॉल संग्रहालय के पास फ्रांसीसी पर्यटकों से फ्रेंच भाषा में बातचीत की।

किया जाएगा। इस पहल से राजस्थान में पर्यटन पुलिसिंग को अधिक प्रभावी और पेशेवर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। भाषा प्रशिक्षण के जरिए पुलिसकर्मी विदेशी पर्यटकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर सकेंगे, जिससे उनकी यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया जा सकेगा।

हरमाड़ा, ज्योति नगर और महेश नगर की कच्ची बस्तियों में पुलिस की दबिश

जयपुर। जयपुर पुलिस की सीएसटी यूनिट ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार सुबह हरमाड़ा, ज्योति नगर और महेश नगर थाना क्षेत्रों की विभिन्न कच्ची बस्तियों में दबिश दी। डॉग स्क्वायड के साथ चलाए गए अभियान में स्मैक के 20 टोकन, गांजा, देशी शराब की 12 पेटियां और 28 हजार 200 रुपए की राशि जब्त की गई।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल और स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देशन में की गई कार्रवाई के दौरान तीनों थाना क्षेत्रों में संदिग्ध ठिकानों की जांच की गई। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि हरमाड़ा थाना क्षेत्र के नींदड़ मोड स्थित भारत नगर कच्ची बस्ती में करीब 15 स्थानों पर जांच की गई। इस दौरान कृष्णा (55) पत्नी घीसालाल के मकान से स्मैक के 20 टोकन और बिक्री के 27 हजार रुपए बरामद किए गए। वहीं, आशा (20) के मकान से गांजे की 15 पुड़िया मिलीं। ज्योति नगर थाना क्षेत्र की कठपुतली नगर कच्ची बस्ती में कार्रवाई के दौरान कृष्णा राजन के मकान से करीब चार किलो गांजा, देशी शराब की 12 पेटियां और बिक्री के 1,200 रुपए बरामद किए गए। महेश नगर थाना क्षेत्र की बाबा रामदेव नगर कच्ची बस्ती में दबिश के दौरान संजू सांसी के पास से 80 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

दिल्ली की युवती को जयपुर बुलाकर 80 लाख रु. ऐंठने वाला मेरठ से गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। मैट्रिमोनी ऐप के जरिए पहचान बढ़ाकर शादी का झांसा देने, दुष्कर्म करने और 80 लाख रुपए की ठगी के मामले में विधायकपुरी थाना पुलिस ने आरोपी को उत्तर प्रदेश के मेरठ से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने खुद को आयकर विभाग का निरीक्षक बताकर युवती का विश्वास जीता और दिल्ली से जयपुर बुलाकर उसके साथ कई होटलों में शारीरिक संबंध बनाए।

डीसीपी (दक्षिण) राजर्षिराज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सरस्वती सागर (27) उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के गंगानगर, भावनपुर का निवासी है। गत 3 सितंबर को नई दिल्ली के पालम विलेज थाने से शून्य नंबर की एफआईआर विधायकपुरी थाने में स्थानांतरित होकर आई थी। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि दिसंबर 2025 में शादी डॉट कॉम के माध्यम से उसकी आरोपी से जान-पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने खुद को आयकर विभाग में निरीक्षक बताया और शादी का भरोसा दिलाकर उसे अपने विश्वास में ले लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी पीड़िता को दिल्ली से जयपुर बुलाकर यहां अलग-अलग होटलों में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके अलावा, दिल्ली में फ्लैट खरीदने, नौकरी से जुड़ी परेशानियां दूर कराने और रिश्वत देने सहित अलग-अलग बहाने बनाकर उससे कुल 80 लाख रुपए ले लिए। इस बीच पीड़िता को आरोपी के किसी अन्य युवती के साथ संबंध होने की जानकारी मिली। इस पर विरोध जताने के बाद आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर बंद कर लिए। जांच के दौरान उसकी पूरी प्रोफाइल फर्जी पाई गई। विधायकपुरी थाना प्रभारी महेश चंद ने बताया कि ठगी और धोखे का अहसास होने पर पीड़िता ने पहले दिल्ली में मामला दर्ज कराया था। वहां से शून्य नंबर की एफआईआर जयपुर भेजी गई। इसके बाद कांस्टेबल भाग्यवर्धन सिंह और रवि कुमार की टीम को आरोपी की तलाश में मेरठ भेजा गया। पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस की ओर से आगे की जांच की जा रही है।

- **मैट्रिमोनी ऐप के जरिए पहचान बढ़ाकर शादी का झांसा देने, दुष्कर्म करने और 80 लाख रुपए रुपए ठगने का मामला**

महिला से सोने के कड़े ठगने वाली गैंग का सरगना पकड़ा

जयपुर। विद्याधर नगर थाना पुलिस ने गणेश पार्क के पास एक महिला से सोने के कड़े ठगने के मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के कथित सरगना मोहम्मद आबिद को उत्तर प्रदेश के मेरठ से गिरफ्तार किया है। आरोपी किठौर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश और दिल्ली में चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट और ठगी के 15 से अधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस उपायुक्त करण शर्मा ने बताया कि एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह घर के बाहर गणेश पार्क के पास घूम रही थी। इस दौरान दो लोगों ने उसे रोककर पारिवारिक समस्याएं दूर करने का झांसा दिया और उसके हाथों से सोने के दो कड़े उतरवा लिए। इसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। वहीं इस मामले की जांच के लिए थानाधिकारी सज्जन कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और आरोपियों के आने-जाने के रास्तों का पता लगाया। तकनीकी जांच में उनकी लोकेशन मेरठ में मिलने पर पुलिस टीम वहां पहुंची और मुख्य आरोपी मोहम्मद आबिद (38) निवासी किठौर जिला मेरठ को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने साथी आमीर उर्फ कल्लू के साथ वारदात करना स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह के सदस्य अकेली महिलाओं को निशाना बनाते थे। वे पारिवारिक समस्याओं और दोष दूर करने का झांसा देकर महिलाओं का विश्वास जीतते और उनसे गहने उतरवा लेते थे। इसके बाद महिलाओं को आंखें बंद कर कुछ दूर चलने के लिए कहकर गहने लेकर फरार हो जाते थे।

लाइसेंस निलंबन आदेश की क्रियान्विति पर अंतरिम रोक

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर की मुहाना मंडी में कारोबार करने वाले व्यवसायी के लाइसेंस निलंबन करने के संबंध में गत 23 जुलाई को जारी आदेश की क्रियान्विति पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने एग्रीकल्चर मार्केटिंग विभाग के सचिव, निदेशक व संयुक्त निदेशक सहित अन्य पक्षकारों से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने यह आदेश मै. गणेश नारायण एंड संस फर्म की याचिका पर दिए। अधिवक्ता विकास सोमानी ने बताया कि प्रार्थी को 2022 में मुहाना टर्मिनल में व्यवसाय स्थल आवंटित किया था। इसके चार साल बाद 25 जून 2026 को उसे दो आरोप पत्र यह कहते हुए जारी किए कि वह आवंटित दुकान नंबर सी-192 से कारोबार नहीं कर रहा, बल्कि अन्य जगह से कर रहा है। उसने इसका जवाब विभाग को दे दिया और उसे व्यवसाय चलाने में आ रही आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी परेशानी अफसरों को बताई।

पॉलिश की दुकान में नकबजनी करने वाला बदमाश गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। माणकचौक थाना पुलिस ने जौहरी बाजार के गोपालजी का रास्ता स्थित रोडियम पॉलिश की दुकान में हुई नकबजनी का खुलासा करते हुए 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी मोहम्मद मोसिन उर्फ लूंगी और चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी संजय महरचंदानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का माल बरामद करने के प्रयास कर रही है।

पुलिस उपायुक्त करण शर्मा ने बताया कि 20 जून को राजधानी रोडियम के संचालकों ने दुकान में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दुकान शनिवार रात 9:30 बजे बंद की गई थी और रविवार को अवकाश था। सोमवार सुबह 10 बजे दुकान खोलने पहुंचे तो पीछे की खिड़की की जाली टूटी मिली। सीसीटीवी फुटेज की जांच में सामने आया कि रविवार शाम 5:20 से 5:37 बजे के बीच चोर दुकान में घुसे थे। आरोपी करीब 6 से 7 किलो चांदी का सामान और सोने की पॉलिश किए हुए लगभग 25 से 30 किलो तांबे के तार चोरी कर ले गए थे।

जिस पर थानाधिकारी राकेश ख्यालिया के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों की सूचना के आधार पर मोहम्मद मोसिन उर्फ लूंगी (26) निवासी कटिहार बिहार हाल शास्त्री नगर जयपुर और उसका साथी संजय महरचंदानी (41), निवासी कंवर नगर सुभाष चौक जयपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मोसिन नशे का आदी है और साथी अशरफ के साथ कचरा बीनने की आड़ में सूनी दुकानों व मकानों की रैकी करता था। बाजारों में रविवार को कम भीड़ का फायदा उठाकर वारदात करते और पकड़े जाने से बचने के लिए चोरी का सामान छोटे कबाड़ियों को बेच देते थे। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं।

पुलिसकर्मियों में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रशिक्षण 15 से

जयपुर (कासं)। राजस्थान पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के व्यवहार, कार्यशैली तथा नागरिकों के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से 15 से 17 अक्टूबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 'पॉजिटिव बिहेवियर इन पुलिसिंग' विषय पर होने वाला यह प्रशिक्षण जयपुर के सांगानेर स्थित आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी में आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन उदय पारीक एचआरडी रिसर्च फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण राघवेंद्र सुहासा ने बताया कि 15 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे प्रतिभागियों के पंजीकरण के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। सुबह 10 बजे फाउंडेशन के चेयरमैन अपूर्व कुमार स्वागत उद्बोधन देंगे।